# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

एम.बी.एस. मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज0) Email ✉ academic.section@uok.ac.in

क्रमांक एफ–5( )शैक्ष. / कोविको / 2025 / 8391 दिनांक : 17.12.25

**अध्यक्ष / सचिव / प्राचार्य**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।**

विषय :–सत्र 2026–27 की सम्बद्धता के लिए दिनांक 31 दिसम्बर 2025 तक सम्बद्धता शुल्क जमा करवाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एतद् द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिनियम 37(1) के प्रावधानानुसार पूर्व संचालित विषयों / पाठ्यक्रमों की सत्र 2026–27 की सम्बद्धता के लिए तथा सत्र 2026–27 के लिए नवीन विषय / पाठ्यक्रम संचालित करने के इच्छुक होने पर सम्बद्धता शुल्क / निरीक्षण शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि दिनांक 31 दिसम्बर 2025 है। इसके उपरान्त सम्बद्धता शुल्क तीन गुणा विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 31 मई, 2026 तक जमा करवाया जा सकेगा।

साथ ही सूचित किया जाता है कि सत्र 2017–18 से सम्बद्धता शुल्क के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी राशि वसूलने के प्रकरण न्यायिक स्तर पर विचाराधीन है। अतः अग्रिम निर्देश / निर्णय प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से मांग करने पर महाविद्यालय को सम्बद्धता शुल्क पर जी.एस.टी. शुल्क जमा कराना आवश्यक होगा।

सूचनार्थ प्रेषित है।

संलग्न – सम्बद्धता शुल्क संबंधी आदेश।

उप कुलसचिव (अकादमिक)